एक नजर में

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रोजेक्ट जलधारा की महिलाओं का सशक्त संदेश, जल संरक्षण और सौर ऊर्जा पर विशेष प्रशिक्षण

धार । सिप्ला के सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्स्क्र) एवं बाएफ लाइवलीहुड्स द्वारा संचालित प्रोजेक्ट जलधारा के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम फरसपुरा स्थित बालाजी मंदिर परिसर में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपने गांवों में किए जा रहे नवाचारों, जल संरक्षण के प्रयासों और आजीविका संवर्धन से जुड़े अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विशेष संगोष्ठी, जागरूकता गतिविधियों एवं प्रेरणादायक खेलों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से जल प्रबंधन, स्वच्छता, सामुदायिक सहभागिता तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया ।इस अवसर पर सौर तकनीक से संबंधित एक विशेष तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें सोलर होम लाइट एवं 3 एचपी सोलर पम्प के उपयोग, रखरखाव और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। तकनीकी विशेषज्ञ संदीप गुप्ता ने प्रतिभागियों को सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों के प्रभावी उपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया तथा महिलाओं के प्रश्नों के उत्तर देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं को सोलर होम लाइट का सहयोग भी प्रदान किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत फरसपुरा की सरपंच श्रीमती संतोषी बाई रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बाएफ लाइवलीहुड्स के कार्यक्रम प्रबंधक जे.एल. पाटीदार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया ।इस अवसर पर क्लस्टर लीडर ज्ञानसिंग यादव, प्रोजेक्ट इंजीनियर हरिओम पटेल, कृषि अधिकारी पुरुषोत्तम मीणा, सामाजिक अधिकारी आयुषी त्रिवेदी, पथ प्रदर्शक सुनील भाभर, प्रवीण चौहान, भीम सिंह डिण्डोरे तथा भरत कटारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन आयुषी त्रिवेदी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत फरसपुरा की महिलाओं ने सिप्ला एवं बाएफ लाइवलीहुड्स द्वारा जल संरक्षण, सौर ऊर्जा के प्रसार तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने इस पहल को ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

आज मिलने आया हूँ, भजन सुनाने जल्दी आऊंगा : पद्मश्री बामनिया

धार /- हमारा जीवन अमूल्य है, सत्संग इसे अनमोल बनाता है। वृद्धाश्रम में आकर व यहां की व्यवस्थाएं देखकर, नवाचार जानकर बहुत अच्छा लगा। पहली बार वृद्धाश्रम देखने व वृद्धजनों से मिलने आया हूँ जल्दी ही टीम के साथ भजन सुनाने आऊंगा। ये विचार प्रसिद्ध भजन कबीर गायक पद्मश्री कालूराम बामनिया ने श्रद्धालय वृद्धाश्रम में व्यक्त किए। पांच मिनिट मिलने के तय अल्प समय के बाद भी वे आधे घण्टे से ज्यादा समय रुके। वृद्धजनों से प्रत्यक्ष मिले, आश्रम के औषधी उद्यान, फल उद्यान, वृद्धजन आवास को देखा। श्रद्धालय वृद्धाश्रम की गौशाला व गायों के नाम से विशेष प्रभावित हुए। उनके साथ उनकी बिटियां व संगीत सहयोगी भी साथ थे। वृद्धजनों की ओर से उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। प्रबंधन टीम की ओर से भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा, श्रीमती विद्या गुंजाल, रानी पंवार, तोताराम भाई उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्क? ने दी।

धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तहत अंडर-13 टीम के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल्स

धार. संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर के निर्देशों के परिपालन में धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा अंडर-13 के लेदर बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन दिनांक 15/03/ 2026 रविवारको प्रात: 10 बजे डी.आर.पी.लाईन न्यू क्रिकेट मैदान पर होगा जिले की समस्त तहसील के खिलाडी चयन ट्रायल में भाग ले सकते है भाग लेने हेतू कट आफ डेट 1/09/2012 से 01/08/2015 के मध्य जन्म लेने वाले खिलाड़ियों के लिए रखी गई है प्रतिभागी खिला?ीयो को पंजीयन कराना आवश्यक होगा एवं स्वयं की कीट साथ में लाना होगी पिछले 3 वर्षों की ओरिजिनल अंकसूची ,आधार कार्ड एवं डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा पंजीयन शुल्क 300 रुपए रहेगा! अंडर-13 का टूर्नामेंट खरगोन मैं 20/03/2026 से प्रारंभ हो रहा है ।धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियो ने सभी खिलाडियों से अपील की है अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चयन स्पर्धा में भाग लेवें यह जानकारी एसोसिएशन के प्रवक्ता कुशल शर्मा ने दी।

लक्ष्मी गौशाला में गायों के साथ मनाई गई गौ-होली

कुक्षी। नगर में रंग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर लक्ष्मी गौशाला में एक विशेष और दिव्य आयोजन हुआ, जहाँ नगरवासियों ने गायों के साथ %गौ-होली% मनाई ।गौशाला समिति के अध्यक्ष प्रहलाद माहेश्वरी ने बताया कि इस बार होली को पारंपरिक और प्राकृतिक स्वरूप देने के लिए गायों के साथ यह उत्सव मनाया गया। नगर के गणमान्य नागरिकों ने गौशाला पहुँचकर गायों को गुड़ खिलाया और उन्हें प्राकृतिक गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। उपस्थित जनों ने इस आयोजन को आध्यात्मिक और पर्यावरण अनुकूल बताया। इस अनूठी होली ने न केवल जीव दया का संदेश दिया.

शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने किया पूजन

-एक दिन पहले तैयार भोजन ग्रहण करेंगे रहवासी

-अर्धरात्रि में महिलाएं पूजन के लिए मंदिर पहुंची

बाग- नगर में शीतला सप्तमी का पर्व 10 मार्च मंगलवार को मनाया गया । महिलाओं द्वारा अर्ध रात्रि से शीतला माता मंदिर पहुंचकर पूजा का क्रम प्रारंभ किया।

माता की आराधना नगर में चैत्र मास में होली के सातवें दिन शीतला सप्तमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं अपने परिवार को मुख समृद्धि और शीतलता के लिए शीतला माता से प्रार्थना कि। नगर में निवासरत परिवारजन. ठंडा भोजन चढाते है, वहीं सप्तमी को शीतला माता को मनाते है। माता पूजन कर ठंडा भोजन ग्रहण किया जाता है। चुकी इस व्रत में एक दिन पहले बनाया हुआ भोजन ग्रहण किया जाता है, इसलिए इसे बसियौरा भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन ठंडा भोजन करने से ठंड से होने वाली

बीमारियां नहीं होती। और भी कई मान्यताएं इस पर्व से जुड़े है जो इसे खास बनाती है।

अधिकारियों ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनी

जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में 56 आवेदन प्राप्त

धार ।आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत आज जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंकिता प्रजापति एवं एसडीएम राहुल गुप्ता ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए ।जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंकिता प्रजापति ने सभी आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में संबल योजना का लाभ दिलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति एवं दूसरी किश्त जारी करवाने, आर्थिक सहायता प्रदान करने, सरदार सरोवर परियोजना के डूब प्रभावित परिवारों को मुआवजा एवं भूमि का पट्टा दिलवाने, आम रास्तों से अतिक्रमण हटाने, इलाज हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की प्रतिनियुक्ति पर आपत्ति दर्ज कराने, विद्युत बिल की अधिक राशि से संबंधित शिकायतों तथा फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने से जुड़े आवेदन प्रमुख रूप से शामिल रहे। संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंकिता प्रजापति ने कहा कि जनसुनवाई शासन की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है।

आवेदकों को उचित राहत प्रदान की जाए

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आवेदकों को उचित राहत प्रदान की जाए ।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राहुल गुप्ता ने भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में समय सीमा और प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाए ।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्याओं से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर उनके निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

पेयजल समस्या के निवारण हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना, हेल्पलाइन नंबर जारी

धार. । आगामी ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिला स्तर पर विशेष प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। इसके साथ ही आम नागरिकों से पेयजल संबंधी शिकायतें प्राप्त करने के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 6265233535 जारी किया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र जनोलिया ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल की संभावित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा यह व्यवस्था की गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली पेयजल समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। नागरिक इस हेल्पलाइन नंबर पर पेयजल संबंधी शिकायतें लिखित रूप में व्हाट्सएप के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग द्वारा विशेष दलों का गठन किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है, जिससे शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके ।कार्यपालन यंत्री जनोलिया ने जिले के ग्रामीण नागरिकों से अपील की है कि पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे उक्त हेल्पलाइन नंबर पर जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही कर समस्या का समाधान किया जा सके।

बीएसएनएल द्वारा नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

धार । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिला न्यायालय धार में बीएसएनएल के बकाया बिलों से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा ।नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल के लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) तथा मोबाइल पोस्टपेड सेवाओं से संबंधित बकाया बिलों के मामलों का निराकरण किया जाएगा।

उपभोक्ताओं द्वारा लोक अदालत में अपने बकाया बिलों की राशि जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा। बीएसएनएल अधिकारियों ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं की सेवाएं बकाया राशि के कारण बंद हो गई हैं, वे लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण करवा सकते हैं।

उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुन: लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच तथा मोबाइल सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी ।इसके अतिरिक्त बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधी प्रकरणों का निपटान निकटतम बीएसएनएल कार्यालय के राजस्व अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भी करवा सकते हैं ।बीएसएनएल ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण कराएं और दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

फिट इंडिया विमेंस वीक के तहत बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

स्वास्थ्य, फिटनेस और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

धार, भारत सरकार द्वारा आयोजित फिट इंडिया कार्निवल 2026 के अंतर्गत जिले में फिट इंडिया विमेंस वीक का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री सुभाष जैन के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर शहरी परियोजना एवं ग्रामीण परियोजना के साथ धार जिले की 16 परियोजनाओं के संयुक्त तत्वावधान में 6 मार्च से 10 मार्च 2026 तक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया विमेंस वीक मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें स्वास्थ्य, फिटनेस, आत्मरक्षा तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं, योगाभ्यास, व्यायाम जागरूकता, साइकिलिंग डे ङ्क साइकिलिंग फॉर हेल्थ, सुरक्षित परिवहन एवं सुरक्षित पर्यटन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को प्रमुख हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 112, 1930 के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में वन स्टॉप सेंटर धार द्वारा शासकीय एकीकृत हाई स्कूल ज्ञानपुरा, तिरला में बालिकाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को बताया गया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है तथा आत्मविश्वास और व्यक्तिगत सुरक्षा की भावना विकसित करता है।

> यह प्रशिक्षण विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने, संभावित खतरों को पहचानने, आत्म-जागरूकता बढ़ाने और आपातकालीन स्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में सहायक होता है ।प्रशिक्षण के दौरान जूडो-कराटे प्रशिक्षक सुष्मिता गहलोत द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों और शैलियों का अभ्यास कराया गया, जिससे वे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रख सकें ।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी बालिकाओं को स्वयं के प्रति जागरूक रहने एवं समाज में अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। बालिकाओं ने संकल्प लिया कि ङ्कमैं स्वस्थ रहूंगी, सुरक्षित रहूंगी और अन्य महिलाओं को भी जागरूक करूंगी।

एक नजर | **प्रदेश में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य किया जाएगा**

जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा

धार. भारत सरकार के गृह मंत्रालय अंतर्गत जनगणना संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण में प्रस्तावित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा के लिए 10 मार्च 2026 को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों में जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न तैयारियों एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रदेश में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिला, तहसील एवं नगरीय निकाय स्तर पर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इसके अंतर्गत 16 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक जिला अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, जनगणना लिपिकों एवं तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसके पश्चात 2 मार्च 2026 से 13 मार्च 2026 तक एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बैठक में यह भी बताया गया कि जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन के लिए *CMMS (Census Management and Monitoring System)* पोर्टल पर जिला एवं चार्ज स्तर के एडमिन अकाउंट बनाए जा रहे हैं। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की आवश्यक जानकारी 25 फरवरी 2026 तक उपलब्ध कराई जाने तथा चार्ज स्तर के अधिकारियों की सूची भी निर्धारित समय-सीमा में तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

जनगणना कार्य के लिए मास्टर ट्रेनर्स की सूची 20 फरवरी 2026 तक तैयार कर संचालनालय को भेजी जा चुकी है। इसी प्रकार प्रगणक एवं पर्यवेक्षक (*Enumerator* एवं *Supervisor*) की सूची 28 फरवरी 2026 तक तैयार करने तथा उन्हें पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के नाम 9 मार्च 2026 तक बल्क अपलोड किए जाने की प्रक्रिया भी पूर्ण की जा रही है।

> इसके अलावा जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (।।स्क्र) का गठन किया जा रहा है तथा 15 फरवरी 2026 से 15 मार्च 2026 तक ।।स्क्रष्ट वेब मैपिंग एप्लीकेशन के माध्यम से इन ब्लॉकों को चिन्हित करने की प्रक्रिया जारी है। बैठक में बताया गया कि जनगणना कार्य के लिए मास्टर ट्रेनर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण 16 मार्च 2026 से 19 मार्च 2026 तथा 17 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक भोपाल में आवासीय मोड में आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 11 अप्रैल 2026 तक जिला स्तर पर तथा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 24 अप्रैल 2026 तक चार्ज स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जनगणना 2027 की तैयारियों की नियमित समीक्षा के लिए प्रत्येक सप्ताह टीएल बैठक में चर्चा की जाए तथा जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिला स्तर से संबंधित अधिकारियों ने भाग लेते हुए अपने-अपने जिलों में जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी गतिविधियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए जनगणना कार्य की तैयारियों को प्राथमिकता के साथ संपन्न किया जाए, ताकि आगामी फील्ड कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।